CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 39 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, शुक्रवार, 16 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

**छोटी-बड़ी खबरे...**



## रोजर फेडरर ने टेनिस से लिया संन्यास

### अगले हफ्ते लेवर कप में आखिरी बार खेलेंगे, सबसे अधिक विंबलडन खिताब जीतने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 24 साल के करियर के बाद संन्यास ले लिया है। अगले हफ्ते लेवर कप उनका अंतिम एटीपी इवेंट होगा। उन्हें ग्रास-कोर्ट के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। फेडरर के पास सबसे अधिक विंबलडन पुरुष एकल खिताब (8) जीते हैं। उनके नाम छह ऑस्ट्रेलियन ओपन और पांच यूएस ओपन खिताब भी हैं। क्ले कोर्ट पर खेली जाने वाली फ्रेंच ओपन को फेडरर केवल एक बार ही जीत सके हैं। 41 साल के फेडरर ने ट्विटर पर इमोशनल पोस्ट शेयर कर इस बात का ऐलान किया। फेडरर पुरुष सिंगल्स में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। वो 20 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने थे। अब ये रिकॉर्ड राफेल नडाल के नाम है। उन्होंने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। वहीं, नोवाक जोकोविच के नाम 21 खिताब है। फेडरर ने अपनी इस यात्रा में अपने प्रशंसकों और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया है। फेडर ने कहा, 'मैं 41 साल का हूं। मैंने 24 वर्षों में 1500 से अधिक मैच खेले हैं। टेनिस ने मेरे साथ पहले से कहीं अधिक उदारता से व्यवहार किया है और अब मुझे यह पहचान करनी होगी कि यह मेरे करियर का अंत कब है।' फेडरर ने 28 जनवरी 2018 को अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। तब उन्होंने खिताबी मुकाबले में क्रोएशिया के मारिन सिलिच को हराया था। उसी समय वह 20 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। 2021 के जून में खेले गए फ्रेंच ओपन के चौथे राउंड में पहुंचने के बावजूद फेडरर ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया था।

**गहलोत ने पीएम मोदी को लैटर लिखकर मांगी मददः कहा-**

# लंपी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें, केंद्र से दिलाएं पूरी वैक्सीन

**जयपुर।** राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में गौवंश में तेजी से फैल रही लंपी स्किन डिजीज को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग सीएम अशोक गहलोत ने पीएम नरेन्द्र मोदी से की है। गहलोत ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि महामारी घोषित करने से इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप और इससे पशुओं को बचाने के लिए मेडिकल और ट्रांसपोर्टेशन जैसी फैसिलिटी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। गहलोत ने कहा राजस्थान के अलावा 13 राज्यों में यह बीमारी फैल चुकी है। राजस्थान सरकार लंपी से बचाव और इलाज की सभी पॉसिबल कोशिशें कर रही है। इसके लिए जरूरत के मुताबिक रैपिड रेस्पॉन्स टीमें भी बनाई गई हैं। पशु परिवहन, पशु हाट और पशु मेलों पर पाबंदी लगाई गई है। सीएम ने केंद्र सरकार से लंपी बीमारी की रोकथाम के लिए वैक्सीन डवलप होने पर प्रदेश को इसकी पर्याप्त मात्रा में सप्लाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। गहलोत ने कहा इस महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार की मदद की जरूरत है। लंपी को महामारी घोषित





करने से पशुपालकों और गौशालाओं को पर्याप्त मुआवजा मिल सकेगा। राजस्थान के पशुपालन विभाग के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 14 सितम्बर तक राजस्थान में 54305 पशुओं की लंपी डिजीज से मौत हो चुकी है। जबकि 12 लाख 12 हजार 231 पशु इससे संक्रमित हुए हैं।

### मेडिसिन और वैक्सीन खरीदने के लिए 30 करोड़ एडिशनल अलॉट

राजस्थान सरकार ने किसान कॉल सेन्टर (हेल्पलाइन 181) पर लंपी बीमारी की रोकथाम और कंट्रोलिंग से सम्बन्धित पशुपालकों, आमजन की समस्याओं और गलत फहमियों के सॉल्युशन के लिए कार्यवाही शुरू की है। इमरजेंसी में जरूरी दवाईयां और वैक्सीन खरीदने के लिए 30 करोड़ रुपए एडिशनल अलॉट किए हैं।

**प्रदेश में 16.22 लाख वैक्सीन उपलब्ध–** राजस्थान में 46 लाख लंपी गोट पॉक्स वैक्सीन खरीदने का प्रोसेस जारी है। फिलहाल प्रदेश में 16.22 लाख वैक्सीन उपलब्ध हैं। बीमारी प्रभावित एरिया में डिजीज सर्वे, डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट के लिए आवश्यकता अनुसार एक्सट्रा व्हीकल किराए पर लेने की स्वीकृति दी जा चुकी है।

**10 साल की सजा काट चुके कैदियों को मिले जमानत**

# सुप्रीम कोर्ट की राय– अपील पर जल्द सुनवाई नहीं हो रही तो बेल देनी चाहिए

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि 10 साल की सजा पूरी कर चुके उन कैदियों को जमानत दे दी जानी चाहिए, जिनकी अपील पर आने वाले दिनों में सुनवाई नहीं होने वाली है। यह छूट केवल उन्हीं मामलों में ही मिलनी चाहिए, जिनमें कैदी को जमानत न देने का ठोस कारण न हो। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अभय श्रीनिवास ओका की बेंच ने उम्रकैद की सजा काट रहे कैदियों की याचिकाओं पर विचार कर रही थी, जिनकी अपील कई हाईकोर्ट्स में पेंडिंग है।



### 6 हाईकोर्ट में 5470 मामले लंबित

सुनवाई के दौरान न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त एडवोकेट गौरव अग्रवाल ने बेंच को बताया कि उम्रकैद के दोषियों की पहचान करने के दौरान 6 हाईकोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, हलफनामे दायर किए गए थे। जिनके एनालिसिस से पता चला कि हिरासत में लिए गए 5740 मामले पेंडिंग हैं, जिनमें डिवीजन बेंच अपील और सिंगल बेंच अपील भी शामिल है। बिहार में लगभग 268 अपराधियों के मामलों पर समय से पहले रिहाई के लिए विचार किया जा रहा है। इसी तरह की कवायद ओडिशा और इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी की गई थी। जिनमें 385 दोषियों, जिन्हें 14 साल से ज्यादा समय तक हिरासत में रखा गया था, उनकी अपीलें पेंडिंग हैं।

### जनवरी में होगी अगली सुनवाई

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश पटना हाईकोर्ट और पैरा मैटेरिया के आधार पर दूसरे हाई कोर्ट पर भी लागू होंगे। हालांकि इसके लिए 10 साल और 14 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे लोगों का डेटा ही लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर डेटा कलेक्ट करने के लिए हाईकोर्ट और स्टेट लॉ सर्विस कमेटी को चार महीने का समय दिया था। अब इस पर अगली सुनवाई जनवरी 2023 के आखिरी हफ्ते में होगी।

### कोर्ट ने किए दो प्रयास

**पहला–** जो दोषी 10 साल से ज्यादा सजा काट चुके हैं, तो ऐसी स्थिति में जमानत देने से इनकार करने का कोई ठोस कारण मौजूद न हो, तो उन्हें जमानत दी जाए।

**दूसरा–** उन मामलों की पहचान जहां दोषियों ने 14 साल की सजा पूरी कर ली है, तब एक निश्चित समय में समय से पहले रिहाई पर विचार करने के लिए सरकार को मामला भेजा जा सकता है, भले ही अपील लंबित हो या नहीं।

हालांकि बेंच को बताया गया था कि प्ली बार्गेनिंग, अपराधों की कंपाउंडिंग और अपराधियों की परिवीक्षा प्री-ट्रायल प्रावधान हैं जिन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है।

# महाराष्ट्र के हाथ से फिसला 1.54 लाख करोड़ का प्लांट

**एनसीपी नेता अजीत पवार ने सरकार को घेरा, कहा– सौदा महंगा पड़ेगा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासत फिर गरमा गई है। मुद्दा 1.54 लाख करोड़ रुपए की लागत से लगने वाले सेमीकंडक्टर प्लांट का है। यह प्लांट महाराष्ट्र के बदले गुजरात में लग रहा है। इससे विपक्ष शिंदे सरकार से सवाल कर रहा है कि महाराष्ट्र से डील लगभग पक्की हो गई थी, तो यह प्लांट गुजरात कैसे चला गया? एनसीपी नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह प्लांट राजनीतिक दबाव में महाराष्ट्र से छीना गया है, जिसे वापस लाना होगा। अगर यह प्लांट महाराष्ट्र नहीं आया तो राज्य की आर्थिक स्थिति के लिए महंगा पड़ेगा।



### आदित्य ठाकरे ने शिंदे सरकार पर निशाना साधा

भारतीय उद्योग समूह वेदांता और ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी फॉक्सकॉन 1.54 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ गुजरात में देश का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट लगाएगी। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि अघाड़ी सरकार ने इस परियोजना को बहुत मजबूती से आगे बढ़ाया था। मौजूदा सरकार ने निवेशकों का विश्वास खो दिया है, इसलिए वे यहां नहीं आ रहे हैं। महाराष्ट्र ने फॉक्सकॉन और वेदांता को पुणे के तलेगांव में प्रोजेक्ट लाने के लिए 39 हजार करोड़ की छूट देने का ऑफर दिया था, जबकि गुजरात ने सिर्फ 29 हजार करोड़ रुपए। गुजरात सेमीकंडक्टर की पॉलिसी बनाने वाला इकलौता राज्य है। बजटीय प्रावधान भी किए।

**आईसीसी के प्रेसिडेंट बनेंगे सौरव गांगुली**

## नवंबर से पहले छोड़ देंगे अपना पद, बीसीसीआई के अध्यक्ष जय शाह होंगे

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह अब नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। गांगुली नवंबर से आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका में नजर आ सकते हैं। वहीं, जय शाह बीसीसीआई के अध्यक्ष होंगे। बीसीसीआई के सूत्रों ने एनडीटीवी स्पोर्ट्स को इसकी जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया है कि बीसीसीआई के शीर्ष पद के अधिकारी गांगुली का समर्थन कर रहे हैं। अगर गांगुली आईसीसी का वोट हासिल करने में कामयाब हो जाते हैं, तो वह बीसीसीआई की सीट खाली कर देंगे। इसके बाद बीसीसीआई के मौजूदा सचिव जय शाह के अध्यक्ष और अरुण धूमल के सचिव बनने की संभावना है।

### बार्कले का कार्यकाल नवंबर में खत्म होगा

आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष ग्रेगर बार्कले का कार्यकाल नवंबर में खत्म हो रहा है। अगर वह दूसरे 2 साल के कार्यकाल की मांग के बिना अपना पद छोड़ देते हैं, तो आईसीसी को नया चेयरमैन मिलेगा। हालांकि बर्मिंघम में आईसीसी सालाना कॉन्फ्रेंस के बाद बार्कले ने कहा था, 'हां, मेरा कार्यकाल नवंबर में खत्म हो रहा है। इसलिए मैं 2 और साल के कार्यकाल के लिए योग्य हूं और अगर सदस्य चाहें तो मैं फिर से चुनाव के लिए उपलब्ध हूं।

**नामीबिया से खाली पेट एमपी आएंगे चीते**

## स्पेशल प्लेन से 17 सितंबर को जयपुर लैंड करेंगे, इसी दिन मोदी कूनो पार्क में छोड़ेंगे

**कूनो।** भारत की सरजमीं पर 70 साल बात चीतों की आमद की उलटी गिनती शुरू हो गई है। चीतों को लाने के लिए भारत से एक विशेष जंबो जेट बी 747 नामीबिया की राजधानी विंडहोक पहुंच चुका है। इस विमान को बाहर से ही नहीं अंदर से भी चीतों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि उसमें पिंजरों को आसानी से रखा जा सके। 17 सितंबर को यह विमान 16 घंटे की उड़ान भरकर नामीबिया से सीधे जयपुर उतरेगा। इसी दिन पीएम इसे कूनो पार्क में छोड़ेंगे। पिंजरों के बीच इतनी जगह होगी कि उड़ान के दौरान पशु चिकित्सक आसानी से चीतों पर नजर रख सकें। चीतों को खाली पेट भारत लाया जाएगा। एक्सपर्ट के मुताबिक शिफ्टिंग के दौरान जानवर का पेट खाली होना चाहिए। विमान में ऐसी व्यवस्था की गई है कि चीतों को यह नहीं लगे कि उन्हें जंगल से बाहर कहीं और ले जाया जा रहा है। नामीबिया में भारत के हाईकमीशन ने उस विमान का फोटो शेयर किया है और लिखा है कि बाघ की जमीन पर सद्भावना के दूतों को ले जाने के लिए एक विशेष विमान बहादुरों की भूमि पर उतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर कूनो नेशनल पार्क में तीन चीतों को बाड़े में छोड़कर देश को समर्पित करेंगे।

**जरूरी दवाइयों की लिस्ट में 384 नाम**

## सस्ती मिलेंगी एंटीबायोटिक्स, वैक्सीन और कैंसर की दवाइयां, सरकारी हॉस्पिटल में तो फ्री मिलेंगी

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के बाद बहुत से लोग बिना डॉक्टर की सलाह लिए दवाएं खरीदकर खाने लगे हैं। इनमें से कई दवाइयां ऐसी हैं, जिससे कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन (NLEM) की अपडेटेड लिस्ट जारी की है।

### 7 साल बाद आई है अपडेटेड लिस्ट

- इससे पहले साल 2015 में नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन जारी की गई थी।
- लिस्ट में 384 दवाओं को शामिल किया गया है। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 4 दवाओं समेत 34 नई मेडिसिन को भी जोड़ा गया है।
- इसका मतलब है कि इन दवाओं को सरकार ने बेचने और खरीदने की मंजूरी दी है। साथ ही 26 दवाओं को लिस्ट से बाहर भी किया गया है।



### लिस्ट में फिजियोथेरेपी से रिलेटेड दवाएं शामिल

इस लिस्ट में फिजियोथेरेपी से रिलेटेड दवाएं निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी और बुप्रेनोरफिन को भी जोड़ा गया है। इसके अलावा एंटी ट्यूबरक्लोसिस मेडिसिन, बेडक्विलाइ, रोटावायरस वैक्सीन जैसी दवाइयों को भी शामिल किया गया है। अब इस लिस्ट में ऐसी दवाओं की संख्या 384 हो गई है। पिछले कुछ महीने से बुखार, खांसी-जुकाम, शुगर, बीपी, अस्थमा,इन्फेक्शन, हाई ब्लड प्रेशर और एनीमिया के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां महंगी हो गई। पैरासिटामॉल, फेनोबार्बिटोन, फिनाइटोइन सोडियम, एजिथ्रोमाइसिन, सिप्रोफ्लोक्सासिन हाइड्रोक्लोराइड और मेट्रोनिडाजोल जैसी दवाओं की कीमतें भी बढ़ गईं। इस तरह से 800 दवाइयों के दाम 11 प्रतिशत तक बढ़ गए।

**जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में मुठभेड़**

## सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया; बंगाल के मजदूर की हत्या में दोनों शामिल थे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम इलाके में सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें सुरक्षाबलों ने अब तक 2 आतंकियों को मार गिराया है। दोनों की पहचान पुलवामा के एजाज रसूल नजर और शाहिद अहमद के रूप में हुई। ये आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े हुए थे। दोनों आतंकी 2 सितंबर को पुलवामा में बंगाल के मजदूर मुनीर उल इस्लाम की हत्या में शामिल थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद पुलिस और जवानों ने यह संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसके बाद एनकाउंटर में दोनों आतंकी मारे गए। आतंकियों के पास से एक एके-47, 2 पिस्टल और एक ग्रेनेड बरामद हुआ।



### शोपियां में मारा गया था एक आतंकी

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 12 सितंबर को हेफ शिरमल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ। पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें एक आतंकवादी मारा गया। एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ था। 6 सितंबर को अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए थे। पुलिस को जिले के पोशक्रीरि इलाके में आतंकवादियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस और सेना ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

पुलिस और सेना ने लोगों से उनका साथ देने की बात कही। सेना ने कहा कि जब तक इलाके की पूरी तरह से छानबीन न हो जाए, तब तक लोग अपने घरों से बाहर न निकलें।

**राजस्थान में कल से धीमा पड़ेगा मानसून**

# बारां के शाहबाद में 5 इंच बरसात, भीम सागर समेत 4 बांधों का पानी छोड़ा

**जयपुर।** राजस्थान में 3 महीने से एक्टिव चल रहे मानसून का दौर अब धीरे-धीरे थमने लगा है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश तो हुई लेकिन बताया जा रहा है कि दो दिन बार बारिश का दौर थम जाएगा। इधर, बुधवार को प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में जमकर बारिश हुई। कोटा, झालावाड़, बांरा, बांसवाड़ा, डूंगरपुर समेत 19 जिलों में 1 से लेकर 5 इंच तक बरसात हुई। बारिश के बाद झालावाड़, बारां की नदियों में फिर से जलस्तर बढ़ गया, जिसके चलते छापी, भीमसागर समेत 4 बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक आज भी राज्य के पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं तेज बारिश होने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखे तो सबसे ज्यादा बरसात बारां जिले के शाहबाद में 132 एमएम (5 इंच) बरसात दर्ज हुई। शाहबाद के अलावा अटरू, छबड़ा, किशनगंज में भी अच्छी बरसात हुई, जिससे यहां बहने वाली बरसाती नदियों का जलस्तर बढ़ गया। इसके अलावा डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा जिलों के कई हिस्सों में 50 एमएम से ज्यादा बरसात हुई।



दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश में हुई अच्छी बरसात के चलते कालीसिंध, चम्बल, आहू नदियों में पानी की आवक बढ़ गई। नदियों में पानी आने से प्रशासन ने झालावाड़ में बने तीन बड़े बांध कालीसिंध, भीमसागर और छापी के गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू कर दी है। प्रशासन ने भीमसागर का एक गेट खोलकर 1250 क्यूसेक, काली सिंध के एक गेट से 4286 क्यूसेक और छापी डेम के एक गेट से करीब 2 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी की निकासी की जा रही है। इनके अलावा कोटा बैराज, बीसलपुर, सोम कमला अम्बा बांध से भी पानी की निकासी लगातार जारी है।

### अब आगे क्या?

जयपुर मौसम केन्द्र ने आज सवाईमाधोपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां, उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ जिलों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं 16 सितम्बर से प्रदेश में बारिश का दौर धीमा पड़ने और मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। फेडरर पिछले माह सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टेनिस खिलाड़ी बने थे। लगातार 17वें साल फेडरर ने यह कीर्तिमान हासिल किया था।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का हुआ समापन

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12 सितम्बर से शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का गुरूवार को समापन हुआ। समापन समारोह में पहुंची स्थानीय विधायक व उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने विजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में कब्बड़ी, खो-खो, बोलीबॉल, क्रिकेट, हॉकी और शूटिंग के फाइनल मैच हुए। इन 6 खेलों में 9 टीमें विजेता रही । जिसमें 5 पुरूष वर्ग से व 4 टीमें महिला वर्ग से विजेता रही। विजेता टीमों को जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। बानसूर में ओलंपिक खेलों के लिए 226 टीमों में 2596 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें मुकाबले में कबड्डी पुरूष वर्ग का फाइनल मुकाबला गुंता व शाहपुर की टीम के बीच खेला गया। जिसमें गुंता टीम विजेता रही तो वहीं कबड्डी महिला वर्ग में होलावास व रसनाली के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें होलावास की टीम ने जीत प्राप्त की। इसी तरह खो-खो महिला वर्ग में बाबरिया व शाहपुर की टीम आमने-सामने रही। जिसमें बाबरिया की टीम विजय रही । क्रिकेट महिला वर्ग में चतरपुरा व कराना की टीमों के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें चतरपुरा की टीम ने यह मुकाबला 48 रनों से जीता। वहीं हॉकी पुरूष वर्ग में हरसौरा व कराना के बीच मैच हुआ जिसमें हरसौरा टीम विजयी हुई। क्रिकेट पुरूष वर्ग में गिरूडी व मोठूका के बीच मैच हुआ जिसमें मोठूका टीम 2 विकेट से विजेता रही। बॉलीबाल पुरूष वर्ग में रसनाली व होलावास में रसनाली विजेता रहीं तो महिला वर्ग में हुए बुर्जा व मोठूका के मध्य मैच में मोठूका टीम ने बाजी मारी। इसी तरह शुटिंग के पुरूष वर्ग के फाईनल में गुता व मोठूका के बीच हुए मैच में गुतां की टीम विजयी रही। विजयी टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने गांव का प्रतिनिधित्व करेगी।



## आरक्षण की मांग को लेकर बानसूर से सैनी समाज की रैली रवाना



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - सैनी समाज की गुरूवार को प्रदेश स्तरीय महारैली और विधानसभा घेराव को लेकर बानसूर से हजारों की संख्या में समाज के लोग बसों से रवाना हुए। सैनी समाज 11 सुत्रीय मांगों और आरक्षण को लेकर विद्याधर नगर स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय रैली और विधानसभा का घेराव करेंगे। रैली में शामिल होने के लिए बानसूर से सैनी समाज के हजारों की संख्या में लोग रवाना हुए। समाज के सभी व्यापारी और मजदूर वर्ग ने अवकाश कर रैली में भाग लिया। इस दौरान बानसूर सैनी महासभा समिति अध्यक्ष धर्म चंद सैनी, उपाध्यक्ष सुरेश चंद सैनी, संरक्षक ताराचंद सैनी, रामधन सैनी, मादाराम सैनी, राजेश सैनी, पार्षद गोविंद राम सैनी, राम अवतार सैनी, विजय सैनी, पांचू राम सैनी, अशोक सहित समाज के लोग रवाना हुए।

## एसबीआई बैंक से दो लाख रुपयों से भरा बैग की चोरी में सहयोगी तीन आरोपी गिरफ्तार

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** खेडली कस्बे की एसबीआई बैंक से एक सितंबर को दो लाख रुपयों से भरा बैग चोरी कर ले जाने की वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपियों को कस्बा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल कुंवर सिंह ने बताया कि एक सितंबर को एसबीआई बैंक से अज्ञात चोर बड़ौदाकान निवासी राजेंद्र गुर्जर के दो लाख रुपयों से भरा बैग उठाकर ले गए थे। पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए माल एवं मुल्जिमों की तलाश हेतु उच्चाधिकारियों के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। जिसमें टीम द्वारा कस्बा खेरली व आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेजों की पड़ताल की गई एवं साइक्लोन सेल की मदद से चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए नौ सितंबर को अंतर्राज्यीय सासी गैंग का मुख्य आरोपी अमन सिसोधिया पुत्र कृष्ण प्रसाद जाति सांसी उम्र 20 साल निवासी हुलखेडी पुलिस थाना बोडा जिला राजगढ मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही थी जिसकी सूचना व सीसीटीबी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल दो सहआरोपी निदेश पुत्र ऊमा जाति सासी उम्र 30 साल निवासी कड़िया पुलिस थाना बोड़ा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश एवं शक्ति पुत्र दौलतराम जाति सासी उम्र 34 साल निवासी कड़िया पुलिस थाना बोड़ा जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है।

# कार्बन उत्सर्जन की गंभीर होती चुनौती



**भारत आश्वस्त कर चुका है कि 2030 तक हमारा देश कार्बन उत्सर्जन की मौजूदा मात्रा को 33-35 फीसदी घटा देगा, लेकिन असल समस्या उन देशों के साथ है, जो मशीनी विकास व आधुनिकीकरण के चक्र में दुनिया को कार्बन उत्सर्जन का दमघोंटू बक्सा बना रहे हैं तथा आर्थिक प्रगति के मंथर होने के भय से पर्यावरण के साथ हो रहे खिलवाड़ को थामने को राजी नहीं हैं।**

**जलवायु** परिवर्तन को लेकर विकसित देश नारे तो बड़े-बड़े लगा रहे हैं, मगर कार्बन की मात्रा खुद घटाने के बजाय भारत और अन्य विकासशील देशों पर दवाब बना रहे हैं। चूंकि भारत में अभी भी बड़ी संख्या में परिवार खाना पकाने के लिए लकड़ी या कोयले के चूल्हे इस्तेमाल करते हैं, सो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां परंपरागत ईंधन के नाम पर भारत पर दबाव बनाती रहती हैं, जबकि विकसित देशों में कार्बन उत्सर्जन के अन्य कारण ज्यादा घातक हैं। कार्बन की मात्रा बढ़ने का दुष्परिणाम है कि जलवायु परिवर्तन व धरती के गरम होने जैसे प्रकृतिनाशक बदलाव हम झेल रहे हैं। पेड़ प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से हर साल कोई सौ अरब टन यानी पांच फीसदी कार्बन वातावरण में पुनर्चक्रित करते हैं। अमेरिका सर्वाधिक 1।03 करोड़ किलो टन से ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जित करता है, जो वहां की आबादी के अनुसार प्रति व्यक्ति 7.4 टन है। उसके बाद कनाडा (प्रति व्यक्ति 15.7 टन) और रूस (प्रति व्यक्ति 12.6 टन) का स्थान है।

जापान, जर्मनी, दक्षिण कोरिया आदि औद्योगिक देशों में भी कार्बन उत्सर्जन 10 टन प्रति व्यक्ति से ज्यादा ही है। भारत महज 20.70 लाख किलो टन यानी प्रति व्यक्ति 1.7 टन कार्बन डाईऑक्साइड ही उत्सर्जित करता है। प्राकृतिक आपदाएं देशों की भौगोलिक सीमाएं देख कर नहीं आती हैं। चूंकि भारत नदियों का देश है और अधिकतर ऐसी नदियां पहाड़ों पर बर्फ पिघलने से बनती हैं, सो हमें हरसंभव प्रयास करने ही चाहिए। कार्बन उत्सर्जन की मात्रा कम करने के लिए हमें एक तो स्वच्छ इंधन को बढ़ावा देना होगा। हमारे देश में रसोई गैस की कमी है नहीं, पर सिलेंडर बनाने के लिए स्टील उपलब्ध कराना, वितरण के लिए आंचलिक क्षेत्रों तक नेटवर्क विकसित करना और गरीब लोगों को बेहद कम दाम पर गैस मुहैया कराना बड़ी चुनौती है। कार्बन उत्सर्जन घटाने में सबसे बड़ी बाधा वाहनों की बढ़ती संख्या, मिलावटी पेट्रो पदार्थों की बिक्री, घटिया सड़कें, छोटे कस्बों तक यातायात जाम होने जैसी समस्याएं हैं।

कचरे का बढ़ता ढेर व उसके निपटान की माकूल व्यवस्था न होना भी कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण की बड़ी बाधा है। कूड़ा सड़ने से निकलतीं बड़ी मात्रा में मीथेन, कार्बन मोनो व डाई ऑक्साइड गैसें कार्बन घनत्व को बढ़ाती हैं। साथ ही, बड़े बांध, नहरों आदि के विस्तार से भी कार्बन डाईऑक्साइड पैदा होता है। ग्रीन हाउस गैसों को सीएफसी या क्लोरो फ्लोरो कार्बन भी कहते हैं। इनमें कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और वाष्प है। सबसे अधिक उत्सर्जन कार्बन डाइऑक्साइड का होता है। ये गैसें वातावरण में बढ़ती जा रही हैं और इससे ओजोन परत की छेद का दायरा बढ़ता ही जा रहा है।

पृथ्वी के चारों ओर का वायुमंडल मुख्यतः नाइट्रोजन (78 प्रतिशत), ऑक्सीजन (21 प्रतिशत) तथा शेष एक प्रतिशत में सूक्ष्ममात्रिक गैसों (ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये बिल्कुल अल्प मात्रा में उपस्थित होती हैं) से मिलकर बना है जिनमें ग्रीन हाउस गैसें भी शामिल हैं। ये ग्रीनहाउस गैसें आवरण का काम करती है एवं इसे सूर्य की पराबैंगनी किरणों से बचाती हैं। पृथ्वी की तापमान प्रणाली के प्राकृतिक नियंत्रक के रूप में भी इन्हें देखा जा सकता है। ओजोन की परत ही सूरज और पृथ्वी के बीच एक कवच की तरह है। ग्रीन हाउस गैसें सूरज की गर्मी को भी अवशोषित करती हैं। यह मान्यता रही है कि पेड़ कार्बन डाईऑक्साइड को सोख कर ऑक्सीजन में बदलते हैं। सो, जंगल बढ़ने से कार्बन का असर कम होगा। यह एक आंशिक तथ्य है। कार्बन डाईऑक्साइड पेड़ों की वृद्धि में सहायक है। लेकिन यह तभी संभव होता है, जब पेड़ों को नाइट्रोजन सहित सभी पोषक तत्व सही मात्रा में मिलते रहें। बारिश का बहता पानी कई गैरजरूरी तत्वों को लेकर जंगलों में पेड़ों तक पहुंचता है और इससे वहां के जमीन के नैसर्गिक तत्वों का गणित गड़बड़ा जाता है।

तभी शहरी पेड़ या आबादी के पास के जंगल कार्बन नियंत्रण में बेअसर रहते हैं। यह भी जानना जरूरी है कि जंगल या पेड़ वातावरण में कार्बन की मात्रा को संतुलित करने भर का काम करते हैं, वे न तो कार्बन को संचित करते हैं और न ही उसका निराकरण। दो दशक पहले कनाडा में यह सिद्ध हो चुका था कि वहां के जंगल कार्बन उत्सर्जित कर रहे थे। कार्बन की बढ़ती मात्रा दुनिया में भूख, बाढ़, सूखे जैसी विपदाओं को न्योता है। इससे जूझना दुनिया का फर्ज है, लेकिन भारत में मौजूद प्राकृतिक संसाधन व पारंपरिक ज्ञान इसका सबसे सटीक निदान है। छोटे तालाब व कुएं, पारंपरिक मिश्रित जंगल, खेती व परिवहन के पुराने साधन, कुटीर उद्योग का सशक्तिकरण ऐसे प्रयास हैं, जो कार्बन पर नियंत्रण कर सकते हैं

पिछले कुछ दशकों से मानवजनित गतिविधियों के चलते कार्बन डाइऑक्साइड और दूसरे ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन प्रति वर्ष एक फीसदी की दर से बढ़ा है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा हमारे पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है जबकि दुनिया के अस्तित्व के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम से कम प्रति वर्ष 3-6 फीसदी की दर से कम करना होगा जिससे धरती के बढ़ते तापमान पर अंकुश लगाई जा सके। हालांकि पेरिस क्लाइमेट एग्रीमेंट के दौरान इसके सदस्य देशों ने धरती के तापमान को इस शताब्दी के अंत तक 2 डिग्री सेल्सियस कम करने का संकल्प लिया था लेकिन इसे लागू होने के पांच साल के बाद भी इस दिशा में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। जिन संप्रभु देशों ने साल 2050 तक कार्बन उत्सर्जन के स्तर को शून्य की प्रतिबद्धता दोहराई थी दुनिया में 25 फीसदी कार्बन उत्सर्जन की वजह ऐसे ही मुल्क हैं।

और तो और ज्यादातर देशों ने अभी तक पेरिस समझौते में बनी सहमति के मुताबिक अपने यहां पर्यावरण नीति तक को लागू नहीं किया है। ऐसे में जबकि वक्त तेजी से बीतता जा रहा है तो संप्रभु राष्ट्र और कॉरपोरेट्स किस प्रकार पर्यावरण संकट की समस्या से निपटेंगे? अब जबकि हर बीतते दिन के साथ ग्लोबल वार्मिंग का असर ज़्यादा से ज़्यादा साफ दिखने लगा है तो वैश्विक स्तर पर आम सहमति से तैयार की गई एक नीति की यहां जरूरत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालांकि, ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण वार्ता असफल हो रही है तो व्यक्तिगत सरकारें और व्यापार संगठन एकतरफा और समन्वित पहल कर उदाहरण पेश कर सकते हैं।

ऐसी गतिविधियों में क्षमता में बढ़ोतरी लाकर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना, व्यावहारिक पर्यावरण जोखिमों के विश्लेषण और प्रबंधन उपायों, नवीनीकरण की प्राथमिकता और पर्यावरण स्थिरता मुख्य रूप से शामिल हैं। जाहिर है ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों से निपटना एक सामूहिक कोशिश है। फिर भी उद्योग आधारित अर्थव्यवस्था और वैसे कॉरपोरेशन जिनकी वैश्विक मौजूदगी है उनके द्वारा उठाए गए कदम निश्चित तौर पर इस पर बहुआयामी प्रभाव डाल सकते हैं।

**पंकज चतुर्वेदी**
(वरिष्ठ पत्रकार)

## ट्विटर



भाषा को लेकर सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु से सामने आता है। जबकि दक्षिण भारत में और भी राज्य हैं। तमिलनाडु को अकेले भर हिंदी भाषा से समस्या है।

**संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता**




सरकार दूसरी भाषाओं को आगे बढ़ाने की बात नहीं करती। उसका मकसद क्षेत्रीय भाषाओं को खत्म करना है। हमारे यहां मातृभाषा में बात करने का अधिकार है।

**दुरईमुरुगन, मंत्री तमिलनाडु**

## सत्यार्थ

## नारदजी की सोच



महाभारत में कंस अपनी बहन देवकी को मारने का निर्णय ले लिया था। कंस को आकाशवाणी से मालूम हो गया था कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसकी मृत्यु का कारण बनेगा। देवकी के पति वसुदेव ने कंस से कहा, हम तुम्हें हमारी आठों संतान दे देंगे, तुम देवकी को मत मारो। वसुदेव की ये बात कंस मान गया। इसके बाद हर वर्ष देवकी के गर्भ से एक-एक पुत्र हुआ। वसुदेव और देवकी ने छह पुत्र कंस को सौंप दिए थे। कंस सभी पुत्रों को मार देता था, लेकिन बीच में एक बार उसे दया आ गई थी और उसने कहा था कि आप छोटे बच्चे लेकर न आएं, आकाशवाणी आठवें पुत्र की है तो आप मेरे पास आठवें पुत्र को ले आना। उस समय नारद मुनि कंस के पास पहुंचे और बोले, तुम तो मूर्ख हो, तुम ऐसा क्यों कर रहे हो? तुम्हें क्या मालूम कि इस क्रम में आठवां पुत्र कौन सा है? ये बात सुनकर कंस चौंक गया और उसने देवकी-वसुदेव को फिर से कारागार में डाल दिया। इसके बाद कंस ने देवकी-वसुदेव के एक के बाद एक छह पुत्रों को मार दिया। सातवें पुत्र के समय कह दिया था कि गर्भ गिर गया है। इसके बाद आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। कई लोगों के मन में विचार आता है कि नारद मुनि ने कंस को ऐसी सलाह क्यों दी? नारद मुनि का काम ये था कि हर स्थिति में बुराई खत्म होनी चाहिए। वे जानते थे कि कंस देवकी की संतान नहीं मारेगा तो उसका अत्याचार और ज्यादा बढ़ेगा। भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के रूप में समय पर अवतार नहीं ले पाएंगे। इसलिए नारद ने कंस को भड़काया कि वह तुरंत निर्णय ले, ताकि भगवान का अवतार समय पर हो जाए और कंस जैसे बुरे लोगों के अत्याचारों से सभी को मुक्ति मिल जाए। नारद मुनि का ये स्वभाव में हमें संदेश दे रहा है कि हमेशा ये विचार करते रहना चाहिए कि अच्छाई को कैसे बचा सकते हैं और बुराई को कैसे जल्दी से जल्दी समाप्त कर सकते हैं।

**मुकेश कुमार**

## झोलाछाप डॉक्टर से हुई नवजात की मौत, मामला दर्ज

मरुधर विशेष आमिर खान कामां




**जुरहरा-** कस्बे के सीटी हॉस्पिटल में गलत इलाज के कारण नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है जहा झोलाछाप डॉक्टर गलत इलाज के कारण गर्भवती महिला के बच्चे की मौत का कारण बन गया है।

पीड़ित दीनदार निवासी सतवाड़ी ने बताया मेरी भाभी मनीषा प%ी मौसम के कमर में दर्द होने के कारण अपने पति के साथ सिटी हॉस्पिटल जूरहरा में दिखाने पहुंची थी जो कि 9 माह से गर्भ से थी। सिटी हॉस्पिटल की संचालक कौशर ने पीड़ित महिला का इलाज किया तभी डॉ कौशर ने कहा कि इसे बच्चे होने का दर्द है इसको आधे घंटे बाद बच्चा हो जाएगा। जबकि उसका पूरा टाइम नहीं हुआ था अस्पताल संचालक ने अपने निजी एक मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन मंगवा कर महिला को लगा दिया जिसकी कीमत 1300 रुपए थी। तभी इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद ही महिला की तबीयत खराब हो गई। तबीयत खराब होने के पश्चात वह बेहोश हो गई और कौशर ने हमें कहा यह मर चुकी है आप इसे ले जा सकते हो काफी कहासुनी के बाद उसने महिला को देखा तो महिला जीवित थी उसके बाद काफी मशक्कत के बाद बच्चा पैदा हुआ जो कि मर हुआ था उन्होंने कहा कि आप इस बच्चे को किसी अन्य हॉस्पिटल में ले जाओ तभी हम बच्चे को कामा के एक निजी बि ल सोनी हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टर द्वारा बच्चे को मृत घोषित कर दिया और महिला की ज्यादा ब्लीडिंग होने के कारण कोशर हॉस्पिटल जुरहेरा में ही छोड़ गए तभी महिला की तबीयत और भी ज्यादा खराब होने लगी डॉक्टर कोशर अपने हॉस्पिटल को छोड़कर भाग गई पीड़ित महिला ने जुरहरा थाने में नामजद मामला दर्ज करा दिया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक फाइनल मुकाबले हुए कशमकश

मरुधर हिन्द उदयपुर

कोटड़ा मे ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक के गुरुवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। कोटड़ा विकास अधिकारी ने बताया कि महिला वर्ग कबड्डी में कोटडा सड़ा के बीच खेला गया। जिसमें कोटड़ा विजेता रही। क्रिकेट में बेकरिया ने भूतवड हराया, खो खो मे वागावत की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कशमकश मुकाबले में डिंगावरी को हरा फाइनल मुकाबला जीता। वॉलीबॉल में मंडवाल ने भूतवड को हराया। पुरुष वर्ग मुकाबले में कबड्डी में झेड़ ने बेकरिया को हराया, वॉलीबॉल में मेडी ने जुड़ा को हराया, हॉकी में गऊपीपला ने बुढ़िया को मात दी, शूटिंग बॉल मे कोटड़ा ने दाडमिया को हरा जीत दर्ज की, क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोटडा के खिलाड़ियों ने बाखेल को हरा ट्रॉफी पर कब्जा किया। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल के ब्लॉक स्तरीय समापन पर कोटड़ा प्रधान सुगना देवी, विधायक प्रत्याशी सुनील कुमार बजात, सीबीओ कोटड़ा, तहसीलदार कोटड़ा मौजूद रहे। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के सफल क्रियान्वयन हेतु कोटडा विकास अधिकारी धनपत सिंह राव पूरे टूर्नामेंट के दौरान सक्रिय रहे। ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को तराशने के लिए राजीव गांधी ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया। ताकि जो प्रति





भाई गांव में है वह आगे चलकर देश का नाम रोशन करें।

## पंचायत समिति परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान का किया शुभारंभ

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** पंचायत समिति परिसर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ उपप्रधान विश्वेंद्र चौधरी द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 15 सितंबर को पंचायत समिति परिसर में सफाई कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही गंदगी न फैलाएं का संदेश दिया गया। इस मौके पर एसबीएम प्रभारी राजेश जाटव, कैलाश जाटव ,मनोज भारद्वाज, रिमांशु शर्मा , बंटू चौधरी श्यामसुंदर, विपिन आदि मौजूद रहे।




## कंप्यूटर कर्मचारी संघ ने एसडीएम को अपनी मांगों की क्रियानिविति के संदर्भ में सौंपा ज्ञापन

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ इकाई कठूमर द्वारा उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर को मांगों की क्रियानिविति के संदर्भ में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में हुए समझौते के अनुसार आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके विरोध में 15 सितंबर से वादाखिलाफी आंदोलन का निर्णय लिया गया। ज्ञापन में बताया कि 15 सितंबर को व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ना, 19 सितंबर से 29 सितंबर तक मुख्यमंत्री के नाम विधायक को ज्ञापन, 30 सितंबर को धरना एवं रैली प्रदर्शन, 1 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज, 17 अक्टूबर से अग्रिम आदेशों तक बीसी का बहिष्कार एवं आगामी निर्देशानुसार महापड़ाव करने का निर्णय लिया गया है । इस दौरान आईटी कार्मिक ललिता अवस्थी, हितेश शर्मा, हेमंत शर्मा, योगेश अवस्थी, लखन सिंह ,उपेंद्र गोयल, संदीप चौधरी मौजूद रहे।

## 17 सितंबर को हरसोरा में निःशुल्क विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के निकटवर्ती गांव हरसौरा के महात्मा ज्योतिबा फुले माध्यमिक विद्यालय में 17 सितम्बर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर निःशुल्क विशाल नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर आयोजक बीजेपी के प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में बहरोड़ के मिश्री देवी आई हॉस्पिटल के प्रसिद्ध डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव अपनी सेवा देंगें । शिविर के दौरान मरीजों को लाने व ले जाने के लिए बस सेवा निःशुल्क रहेगी। साथ ही सभी मरीजों को नजर के चश्में भी निःशुल्क दिये जाएंगे। शिविर में चयनित मरीजों का मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ में निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण भी कराया जाएगा।

## विप्र सेना द्वारा गौ माता के लिमपी रोग की होम्योपैथिक दवाई सभी गौशाला और गोपालक परिवारों को निशुल्क दी जा रही



**मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता**

विप्र सेना के राष्टीय अध्यक्ष सुनील जी तिवारी के निर्देशानुसार विप्र सेना विद्याधर नगर विधानसभा अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा ने विधानसभा के ज्यादातर वार्ड मैं गौ माता के लिमपी रोग की होम्योपैथिक दवाई सभी गौशाला और गोपालक परिवारों को निशुल्क दी जा रही है झोटवाड़ा के हनुमान मंदिर की श्रीराम गौशाला गोभी निशुल्क दवा वितरण की गई मंदिर के महंत श्री श्री विष्णु दास जी महाराज ने विप्र सेना के राष्टीय अध्यक्ष सुनील जी तिवारी का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया और कहां पूरे राजस्थान में जिस प्रकार से गौ माता में लिमपी रोग जिस गति से फैल रहे हैं उसे तेज गति विप्र सेना की होम्योपैथिक दवाई हर गौशाला को निशुल्क प्रदान की जा रही है विद्याधर नगर के अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा जिस प्रकार से पूर्व विधानसभा में सक्रिय रूप से दवा वितरण कर रहे हैं उनको बहुत-बहुत धन्यवाद विद्याधर नगर अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया इस होम्योपैथिक दवाई का असर बहुत लाभ लाभदायक रहा है अभी तक 50 से 60 गौ माता इस दवा के सेवन से स्वस्थ हो चुकी है।

## जनता पार्टी की जिला शाखा अलवर की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा




**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है 17 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा इसके अलावा दिव्यांगों के पान और उपकरण वितरित किए जाएंगे जबकि 19 और 20 सितंबर को टीका लगाने और बूस्टर डोज के कार्य को कराया जाएगा इसके अलावा टीवी रोग के मरीजों के बीच देखभाल की जाए 21 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी 22 और 23 सितंबर को राजस्थान में गायों की सेवा की जाएगी एवं गायों को लंबी रोग से बचाने के लिए कार्य किया जाएगा 24 और 25 सितंबर को जिले व प्रदेश के अधिकारी प्रत्येक बूथ स्तर पर प्रवास कर कार्य करेंगे 26 से 27 सितंबर को एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश कार्यकर्ताओं द्वारा दिया जाएगा और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करेंगे इसके अलावा 28 से 30 सितंबर तक प्रबुद्ध जन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही सरकार की उपलब्धियों को प्रकाशित किया जाएगा 1 व 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा एवं जल संरक्षण पर भी काम किया जाएगा।

## कठूमर ब्लॉक में राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेलों के संपूर्ण परिणामो की हुई घोषणा

**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** उपखंड मुख्यालय पर चल रहे राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेलों के संपूर्ण परिणामो की घोषणा गुरूवार को हुई। कठूमर ब्लॉक समन्वय शिब्बो राम सोनी शारीरिक शिक्षक ने बताया कि कबड्डी पुरुष वर्ग में अरूवा ग्राम पंचायत,महिला वर्ग में जहाडू ग्राम पंचायत की विजयी रही। खो खो महिला वर्ग में नूरपुर ग्राम पंचायत,शूटिंग वॉलीबॉल में पुरुष वर्ग में टिटपुरी ग्राम पंचायत,वॉलीबाल पुरुष वर्ग में जटवाड़ा ग्राम पंचायत, महिला वर्ग में खेड़ा कल्याणपुर ग्राम पंचायत, टेनिस बॉल क्रिकेट पुरुष वर्ग मे रोनीजाथान ग्राम पंचायत, महिला वर्ग में ईसरोता ग्राम पंचायत, हॉकी पुरुष वर्ग में खौकर ग्राम पंचायत,महिला वर्ग में खेड़ा कल्याणपुर ग्राम पंचायत की टीमे विजेता रही।



हिन्दी है माथे की बिन्दी हिन्दी हिन्दुस्तान है।

## हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्टाफ वेलफेयर सोसाइटी बी आर के जी बैंक , अलवर द्वारा मां कृपा स्वाध्याय केंद्र लाइब्रेरी प्रीत विहार अलवर में कवि सम्मेलन आयोजित कराया गया




**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**

कवि सम्मेलन का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ पंकज गुप्ता व अध्यक्ष सेवानिवृत्त आर ए एस अधिकारी जय नारायण सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। राजेंद्र पप्पी ने सरस्वती वंदना के साथ " हिन्दी की लाचारी "पर व्यंग रचना सुनाई। हेमंत शर्मा ने हिंदी बोलने पर क्यों शर्माते हो व्यंग रचना पढ़ी तो श्रोताओं ने तालियों द्वारा खूब सराहा। ओज के कवि मनोज दीक्षित ने "मैंने तो गीत सदा गाये हैं सैनिक के अभिनंदन में" पढकर वातावरण में जोश भर दिया। मनीष मनु ने अपनी ग़ज़ल 'पुराना पड़ चुका किसी की याद का चित्र' पढ़ कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी ।योगेश वशिष्ठ ने "क्यों न गर्व करें हम इस पर यह अपनी पहचान है । हिंदी है माथे की बिंदी हिंदू हिंदुस्तान है " प्रतिनिधि कविता द्वारा भाषा की प्रागल्भता व तारल्यता पर श्रोताओं का ध्यान आकृष्ट किया।गोकुल राम शर्मा "दिवाकर "ने ओजस्वी कविता " समय मांगता युद्ध की सौगात" पढ़कर समा बांधा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ पंकज गुप्ता द्वारा हिंदी के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने का आह्वान किया तथा अध्यक्ष जय नारायण सिंह ने हिंदी के क्षेत्र विस्तार और प्रभावात्मकता पर अपना उद्बोधन दिया ।विशिष्ट अतिथि संतराम अरोड़ा ने अपने आशु कविता सुनाई कवि सम्मेलन में प्रेम प्रकाश शर्मा, प्रदीप गुप्ता ,उद्योगपति मनोज शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी जावली उपस्थित रहे ।अश्वनी जावली द्वारा ओल्ड ऐज हेल्प लाइन के पोस्टर का विमोचन कराने साथ इसके बारे में जानकारी दी।अंत में सोसाइटी के सचिव हरि राम शर्मा द्वारा वर्तमान में कविता की आवश्यकता पर बोलते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

# राजस्थान में तैयार हो रही है नवीन खेल संस्कृतिः मुख्यमंत्री

## 3106 करोड़ रूपये की धौलपुर - भरतपुर चंबल पेयजल परियोजना के लिए घोषणा

### 66.55 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करे केन्द्र सरकार

**मरूधर विशेष**

**प्रतापगढ़/उदयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार प्रदेश में नए खेल स्टेडियम, संसाधनों और अन्य खेल सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के जरिए अभी प्रतिभाओं की खोज की जा रही है। आगे अनुभवी खेल प्रशिक्षकों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिलाना और सर्वश्रेष्ठ खेल माहौल तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है। खेल और खिलाड़ी के लिए वित्त की कमी नहीं आने दी जाएगी। जिला स्तर पर खेल अकादमियां और छात्रावास भी बनाए जा रहे हैं।

गहलोत गुरूवार को जिले के कुम्हेर के पला गांव में ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेलने की कोई उम्र नहीं होती है। इसलिए ग्रामीण ओलंपिक खेलों में आयु की कोई सीमा नहीं रखी गई है। मैदान में दादा पोता भी खेल रहे हैं। इससे प्रदेश में नई खेल संस्कृति बन रही है। इन खेलों में आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता का माहौल बना है और यही क्षेत्र में चहुंमुखी विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आश्वस्त हैं कि ग्रामीण ओलंपिक की प्रतिभाएं भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता बनकर परिवार, गांव और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। अब हर साल ग्रामीण ओलंपिक खेल होंगे और इनके बाद शहरी ओलंपिक खेल भी आयोजित कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान राशि कई गुना बढ़ाई गई है। सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने के साथ 229 खिलाड़ियों को आउट-ऑफ-टर्न नियुक्तियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि खेल जगत में राजस्थान आगे बढ़े, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।




### 30 लाख खिलाड़ियों में 10 लाख महिलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण ओलंपिक में 30 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें लगभग 10 लाख महिला खिलाड़ी हैं। यह संख्या प्रदेश में बालिका प्रोत्साहन की दिशा में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा में अनुकरणीय पहल की गई है। अब जिस विद्यालय में 500 छात्राएं अध्यनरत हैं वहां पर छात्राओं के लिए महाविद्यालय खोला जाएगा। साथ ही, प्रदेश की 1.33 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को शीघ्र ही 3 साल की इंटरनेट सुविधा के साथ स्मार्टफोन दिया जाएगा, जिससे वे बातचीत करने के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगी।

### धौलपुर - भरतपुर चंबल पेयजल परियोजना की घोषणा

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि यहां पेयजल की सुचारू उपलब्धता के लिए 3106 करोड़ रूपये की धौलपुर भरतपुर चंबल पेयजल परियोजना शुरू की जा रही है। एक दिन पहले ही इससे संबंधित स्वीकृति जारी की गई है। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। सिंचाई के लिए भी पानी मिलेगा।

### लम्पी रोग और ईआरसीपी के लिए केंद्र को लिखे पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इसे कोरोना महामारी की तरह राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है ताकि रोकथाम एवं बचाव के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रभावी प्रबंधन कर सकें। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। हमने इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र को पत्र लिखे हैं। राज्य सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि इसे दर्जा मिले और कार्य समय पर पूरा हो सके।

### निरोगी राजस्थान की संकल्पना साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि निरोगी राजस्थान के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज और 5 लाख रूपये का दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है। इससे आमजन को महंगे इलाज से राहत मिली है। वहीं, राज्य कर्मचारियों के लिए राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आरजीएचएस) लागू की गई।

### सामाजिक सुरक्षा के लिए लगभग 1 करोड़ को पेंशन

श्री गहलोत ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना हमारा ध्येय है। प्रदेश के लगभग 1 करोड़ लोगों को पेंशन दी जा रही है। वहीं, राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लागू कर उन्हें भविष्य की चिंता से मुक्त कराया है।

पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि चिरंजीवी योजना से आमजन को आर्थिक संबल मिला है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भरतपुर में विकास के उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी योजना में जिले की दो ग्राम पंचायतों का हर परिवार जुड़ चुका है। योजना से वंचितों को जोड़ने के लिए सभी मिलकर कार्य और प्रचार-प्रसार करें। जिला प्रभारी मंत्री रमेश मीणा ने कहा कि ग्रामीण ओलंपिक में हर वर्ग हिस्सा ले रहा है। इससे सकारात्मक माहौल बना है। पूर्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन लाभान्वित हो रहा है। हमें मिलकर अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। समारोह में ब्लॉक कुम्हेर के राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक प्रतियोगिताओं की विजयी टीमों को सम्मानित किया जिनमें कबड्डी बालक वर्ग में ग्राम तालफरा टीम के कप्तान विनोद फौजदार, कबड्डी बालिका वर्ग में ग्राम विरहरू की टीम की कप्तान कल्पना, खो-खो बालिका वर्ग में ग्राम बिरहरू टीम की कप्तान सावित्री, हॉकी में ग्राम पाहुआ की टीम की कप्तान कृष्ण गोपाल, टेनिस बॉल क्रिकेट बालिका वर्ग में ग्राम महरावर टीम की कप्तान हनी, टेनिस बॉल क्रिकेट बालक वर्ग में ग्राम आजऊ टीम के कप्तान रोहित कुमार फौजदार, शूटिंग वॉलीबाल में ग्राम तालफरा की टीम के कप्तान मुकेश कुमार एवं बॉलीवाल में ग्राम गुदावली की टीम के कप्तान रामअवतार सिंह को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व ब्लॉक पहाडी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपलखेडा की छात्रा राखी यादव एवं क्षमा यादव द्वारा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। इन छात्राओं द्वारा पूर्व में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता पर आधारित गीत को सोशल मीडिया के माध्यम से सम्पूर्ण राज्य में सराहना की गई। समारोह में तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव, नगर विधायक वाजिब अली, बयाना विधायक अमरसिंह जाटव, पूर्व सांसद पं. रामकिशन, नगर निगम महापौर अभिजीत कुमार, उप महापौर गिरीश चौधरी, नगरपालिका डीग चेयरमेन निरंजन टकसालिया, नगरपालिका कुम्हेर चेयरमेन राजीव अग्रवाल, कुम्हेर प्रधान कविता फौजदार, पूर्व नगरपालिका चेयरमेन केदार सैनी, महेन्द्र सिंह जाटव, सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव श्रीवास्तव, जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक श्री श्याम सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, चुन्नी कप्तान, साहब सिंह एडवोकेट, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, सुरेश यादव, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने दी सौगातें

**शिलान्यास**

-कुम्हेर में खेल स्टेडियम निर्माण लागत 2.50 करोड़ रूपए
-डीग में खेल स्टेडियम निर्माण लागत 2.50 करोड़ रूपए

**लोकार्पण**

-अभोर्रा पशु चिकित्सालय, लागत 16.10 लाख रूपए
-धनवाड़ा पशु चिकित्सा केन्द्र, लागत 24.05 लाख रूपए

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य

- डीग - कुम्हेर बाइपास निर्माण, लागत 40 लाख रूपए
- कुम्हेर नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत लागत 4.50 करोड़ रूपए
-डीग नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत लागत 4.50 करोड़ रूपए
-डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र की नॉन पैचेबल सड़कों का निर्माण कार्य, लागत 10 करोड़ रूपए
-डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र की नॉन पैचेबल सड़कों का उन्नयन कार्य, लागत 2 करोड़ रूपए

# ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का समापन

**मरूधर विशेष/ सवांददाता प्रकाश भागनानी/अराईं**

अराईं में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित समारोह हुआ । आज दिनांक 15 सितंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अराईं के खेल प्रांगण में पंचायत समिति प्रधान सीता देवी शैतान पूनिया के मुख्य आतिथ्य में , उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में, विशिष्ट अतिथि विकास अधिकारी पुरुषोत्तम लाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत अराईं रामस्वरूप नायक , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद अजमेरा, सरपंच ग्राम पंचायत कटसूरा प्रधानाचार्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दिलीप , प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल बजरंग लाल , जिला खेल प्रतिनिधि राघवेंद्र गोड, कार्यक्रम समन्वयक व संयोजक कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रमेश चंद शर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक नवीन शेखावत की उपस्थिति में संपन्न हुआ? । इस



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की बालिकाओं ने राजस्थानी और पंजाबी गानों की पैरोडी पर सामूहिक नृत्य की सुंदर और सुंदर प्रस्तुतियां दी। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, व सरस्वती स्कूल की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक नवीन शेखावत ने फाइनेंशियल लिटरेसी कैम्पैन के बारे में जानकारी दी। महिला और पुरुष वर्ग की कबड्डी , खो खो , टेनिस बॉल क्रिकेट , बॉलीवॉल, शूटिंग बॉल, हॉकी खेलों की विजेता टीमों को पंचायत समिति अराईं के शारीरिक शिक्षक संघ द्वारा गोल्ड मेडल एवं पंचायत समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उपखंड अधिकारी महोदय कुलदीप सिंह शेखावत ने कहा कि खिलाड़ियों को कभी अपने मन में हार और जीत का भाव नहीं लाना चाहिए । बल्कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए ? । पूर्ण मनोयोग से खेल खेलने से सफलता अवश्य मिलती है। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को प्रशंसा पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया । विजेता टीम अब जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी । इस ब्लॉक स्तरीय आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में कबड्डी पुरुष वर्ग में भोगादीत विजेता व छोटा लाम्बा उपविजेता, कबड्डी महिला वर्ग में छोटा लाम्बा विजेता व दादिया उपविजेता, खो खो महिला वर्ग में डबरेला विजेता तथा अराईं उपविजेता, बालीबोल पुरुष वर्ग में छोटा लाम्बा विजेता, उपविजेता दादिया, बालीबोल महिला वर्ग में बोराडा विजेता व उपविजेता अराईं, टेनिस बाल क्रिकेट पुरुष वर्ग में आकोडिया विजेता व बोराडा उपविजेता, महिला वर्ग में बोराडा विजेता तथा अराईं उपविजेता, शूटिंग बाल में पुरुष वर्ग में भांभोलाव विजेता तथा उपविजेता भोगादीत, हॉकी में पुरुष वर्ग में बोराडा विजेता तथा भांभोलाव उपविजेता, महिला वर्ग में बरोल विजेता तथा बोराडा उपविजेता रही । राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्काउट के विद्यार्थियों ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन स्काउट के स्काउट टीचर दीपक चोपड़ा ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपने स्काउट विद्यार्थियों का सहयोग प्रदान किया।

## प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही सीलिंग व कृषि भूमि पर लेखपालों और भू माफियाओं की मिलीभगत से हो रही हैं अवैध प्लाटिंग

**गोरखपुर मंडल ब्यूरो संजय विश्वकर्मा की रिपोर्ट**

गोरखपुर मंडल के जिलों में सीलिंग में निकली शेष भूमि के तमाम मामले जिलाधिकारियों से लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं प्रशासनिक लापरवाही के चलते जिलों में निकली सीलिंग की जमीन पर बड़े-बड़े खेल चल रहे हैं। मामला न्यायालयों में विचाराधीन के बावजूद सीलिंग की जमीन की खरीद-फरोख्त हो रही हैं। गोरखपुर, देवरिया,कुशीनगर महाराजगंज मैं अनगिनत रियासतें थी। कई स्थानों पर तो सीलिंग की जमीन पर बड़ी-बड़ी कालोनियां बन चुकी हैं। इस स्थिति के बावजूद सीलिंग की जमीन पर बन रहे व्यवसायिक कॉलोनी व भूमि की खरीद फरोख्त को रोकने में गोरखपुर मंडल की प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

गोरखपुर मंडल प्रशासन की लापरवाही से तराई में सीलिंग की जमीन पर कब्जों की भरमार है। कई खेती हो रही है तो कई अवैध कालोनियां बन चुकी है। यही नहीं समय पर दमदार पैरवी न होने पर प्रशासनिक खामियों के चलते कई मामले कोर्ट से स्टे भी मिल चुका है। कई मामलों में न्यायालय में वाद होने के बावजूद जमीन की खरीद-फरोख्त जारी है। इसके बावजूद भी प्रशासन की सुस्ती नहीं टूट रही है।

उल्लेखनीय है कि देश में 1971 में जमीदारी उन्मूलन अधिनियम लागू किया गया। जिसके बाद से ही गोरखपुर मंडल के जिलों में सीलिंग की कार्रवाई शुरू हो गई कई एकड़ अतिरिक्त भूमि घोषित की गई थी। जिसके बाद गोरखपुर मंडल के प्रशासन अब तक नाम मात्र के कुछ एकड़ जमीन को ही अपने कब्जे में ले सका। जीवन यापन के लिए बांटी गई सीलिंग की भूमि का सनसनीखेज तरीके से खरीद-



फरोख्त का मामला प्रकाश में आया है। काश्तकारी के लिए दी गई जमीन में इस समय कुछ लोग पक्का भवन बनाकर आवास का उपयोग ले रहे हैं तो कुछ स्थाई निर्माण कराकर लाखों का व्यापार कर रहे हैं। आश्चर्य है कि अहस्तान्तरणीय एवं खरीद बिक्री आयोग इन जमीनों का विधिवत पंजीयन, प्रमाणीकरण हो गया है। जमीनों का पटवारी राजस्व रिकार्ड में नाम भी शामिल कर लिए गए हैं। कृषको ने सीलिंग से मिली भूमि को टुकड़े में बाट बाट कर अवैध रूप से अनेक लोगों को बेच दिया है। सीलिंग व कृषि व ट्रस्ट की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग गोरखपुर मंडल के सभी जिलों मे अवैध रूप से हो रही हैं। गोरखपुर मंडल के सभी जिलों में तहसील मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का गोरख धंधा बड़े पैमाने पर हो रहा है नगर पंचायत व नगर पालिकाओं वह अन्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। यहां बिल्डर रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी रेरा को दरकिनार कर प्लाट बेच रहे हैं। इसके चलते प्लाट खरीदने वालों लोग भविष्य में परेशानी में फंस सकते हैं। गोरखपुर मंडल के प्रशासन ने भू माफियाओं के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की है यही वजह है कि कृषि भूमि, सीलिंग की भूमि, ट्रस्ट की भूमि, जलीय क्षेत्र, बाग बगीचे की भूमि, बंजर की भूमि ग्राम सभा की भूमि,ठंडा घर की भूमि, यहां तक कि पोखरी की जमीनों का प्रकृत बदलकर भूमि पर तैयार हो रही इमारतों की अनुमति को लेकर कोई छानबीन नहीं की जा रही है। नियमानुसार निजी भूमि पर कॉलोनी का निर्माण कराने के पहले लाइसेंस लेना पड़ता है संबंधित नगर पालिका से डायवर्जन के लिए एनओसी लेनी होती है ट्रांसपोर्ट पानी सड़क का निर्माण करना होगा पार्क के लिए भूमि आरक्षित रखनी होगी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से भी कॉलोनी का निर्माण के लिए अनुमति लेनी होगी। एक एकड़ से कम क्षेत्र में कॉलोनी बनाई जा रही है तो पालिका में वर्तमान रेट का का 15% आश्रय शुल्क जमा करना पड़ता है अगर एक एकड़ से ज्यादा जमीन पर एयर डिस्टेंस 2 किलोमीटर से भी डर ईडब्ल्यूएस बनाने के लिए जमीन छोड़नी पड़ती है।

जिलाधिकारी देवरिया ने कुछ पहल किया है उनका कहना है कि अवैध प्लाट काटने वालों को कार्रवाई के लिए योजना तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री के बार-बार निर्देश के बावजूद हैं बेखौफ है भूमाफिया जमीन दलालों के वायदे झूठे कागजात के फेर में फंस कर जमीन व मकान खरीदने वालों को बाद में खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सैकड़ों लोग डायवर्जन वह एनओसी के लिए महीनों कलेक्टौरेट व नगरपालिका दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं भू माफियाओं के झांसा में आए लोगों को बुनियादी सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। इसके बावजूद गोरखपुर मंडल के जिलों में तेजी से बढ़ रहे अवैध प्लाटिंग के कारोबार को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है यहां तक की कमिश्नर के वहां समीक्षा बैठक में भी यह प्रश्न नदारद रहते हैं। गोरखपुर मंडल में अवैध कालोनियों से मकान और प्लाट लेकर मुसीबत में पड़ गए ग्राहक कार्यवाही नहीं होने से फल फूल रहे अवैध प्लाटिंग के कारोबार बेखौफ हो रहा है शासन-प्रशासन के सारे नियम ताक पर रखकर यहां खेत खलियान की आवासीय प्लाट के रूप में खरीद बिक्री हो रही है स्थिति है कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के आसपास इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कॉलोनी का नक्शा खींचा जा रहा है

सीलिंग के जमीनों में वरासत का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। पंजीयन से खरीददारों को यह फायदा बिल्डर द्वारा कोई भी अतिरिक्त इजाफा या परिवर्तन के बारे में पहले आबंटियों को सूचना देना होगा। साथ ही किसी भी बदलाव के बारे में दो से तीन आबंटियों की मंजूरी की जरूरत होगी, रजिस्ट्रेशन से पहले किसी तरह का लांचिंग या विज्ञापन नहीं किया जाएगा, अगर बहुमत अधिकार तीसरे पक्ष को ट्रांसफर किया जाना है तो सहमति की जरूरत होगी, प्रोजेक्ट प्लान, ले-आउट, सरकारी मंजूरी और लैंड टाइटल इस्टेटस और उप ठेकेदारों की जानकारी साझा करना, वहीं वक्त पर प्रोजेक्ट पूरा होकर ग्राहकों को मिल जाए, इस पर जोर दिया जाएगा।

## नीट में चयनित छात्र का आइडियल स्कूल में किया सम्मान

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



**कुशलगढ़।** आइडियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैं विद्यालय के पूर्व छात्र अभिषेक सेठ का नीट में चयन होने पर निदेशक सम्राट सिंह झाला प्रधानाध्यापक हसमुख जोशी व अपने माला पहनाकर श्रीफल एवं उपहार वेट कर सम्मान किया इस अवसर पर अभिषेक सेठ ने बताया कि प्रतिदिन योजना बनाकर लगातार 8:00 से 10:00 घंटे नियमित अध्ययन के साथ उपलब्धि हासिल की इस उपलब्धि का श्रेय दादा दादी माता पिता बहन उन्नति एवं समस्त गुरुजनों को जाता है जिन्होंने मार्गदर्शन प्रदान किया एवं सफलता हासिल करने में सहयोग प्रदान किया संस्था निदेशक सम्राट सिंह झाला ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि हमें अभिषेक से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का जुनून होना चाहिए प्रधानाचार्य हंसमुख जोशी ने अपने उद्बोधन में अच्छे आचरण एवं अच्छे मित्र बनाने पर जोर दिया कार्यक्रम में ईश्वर लाल यादव सोहेल खान मंसूरी प्रकाश चंद्र चौहान धरणी पंड्या आदित्य निनामा अतुल जोशी अक्षय जोशी अविनाश शर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सुजीत जोशी ने किया।

## हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

**बहरोड़।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई बहरोड के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर श्रीमती नारायणी देवी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय काव्य गोष्ठी एवम् विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ संरक्षक सदस्य कवि हृदय पं. श्री सुरेश चन्द्र मिश्र, श्री उमेश जी शर्मा, पं. अशोक बोहरा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश भार्गव 'सरस' प्रांत अध्यक्ष जयपुर , विशिष्ट अतिथि श्री रमाकांत शर्मा जिलाध्यक्ष, कोटपूतली, श्री जगदीश जी माली प्रांत संगठन मंत्री रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत आचार्य श्री कृष्ण देव गिरी, मध्य प्रदेश द्वारा की गई। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्लन कर व दीप मंत्र से किया गया। इकाई अध्यक्ष श्री कमल नयन शर्मा द्वारा सरस्वती वन्दना, परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती वसन्त यादव द्वारा परिषद गीत तथा डॉ. नीलम यादव द्वारा स्वागत भाषण बीज वक्तव्य दिया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में काव्य पाठ श्री धूडाराम 'पद्म', श्री अनिल 'तेलवाला', श्री गोविंद शर्मा, डॉ. सविता गोस्वामी व शिखा सिंह भारद्वाज द्वारा किया गया। साहित्यिक कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से वर्तमान परिवेक्ष में हिंदी की महत्ता, स्थिति व उत्थान पर प्रकाश डाला। इस गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम में श्रीकमलेश जी सोनी, राधेश्याम जी, मनीष शर्मा, भारत भूषण शर्मा, श्री ओम यादव, तरुण शर्मा, श्री बृज मोहन मीणा डॉ. पीयूष गोस्वामी, श्री पृथ्वी यादव श्री अमर चन्द शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सफल संचालन परिषद के महासचिव डा. अशोक मिश्र 'कोविद' ने किया। अन्त में सभी कवि बान्धवों एवं अतिथियों का संयोजक इकाई बहरोड की ओर से आभार प्रकट किया गया।

## तिजारा उपखंड अधिकारी को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा आज राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ तिजारा ब्लॉक के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में श्रीमान उपखंड अधिकारी तिजारा को विभिन्न मांगो की क्रियान्वित बाबत ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने आईटी कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराने मांग की है। ज्ञापन में कहां कि श्रीमान आयुक्त एवं संयुक्त सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान सरकार जयपुर को पिछले ज्ञापन में आगामी 15 दिवस में समझौता पत्र की क्रियान्वित हेतु निवेदन किया गया था जिस पर आज दिनांक तक भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिसके विरोध स्वरूप 15 मई से सरकार के खिलाफ वादाखिलाफी आंदोलन का निर्णय लिया गया है ।आज तिजारा आई टी कार्मिक प्रांशु जैन, संजय जैन, विनय मीना, विजय यादव ,जितेंद्र कुमार, संकेत आदि ने काली पट्टी बांधकर कार्य कर विरोध जताया।

## तिजारा लंपी बीमारी से एक और गौ माता की मौत

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा कस्बे में गायों में लंपी महामारी तेजी से फैलती जा रही है लेकिन स्थानीय प्रशासन और अपने आप को गौ रक्षक कहलाने वाले गौ भक्त इस महामारी की रोकथाम के लिए कोई भी कारगर कदम नहीं उठा रहे हैं आज तिजारा कस्बे के हनुमान मंदिर के पास स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र में लंपी बीमारी से ग्रस्त गौ माता करीब 3 घंटे से जमीन पर तड़पती रही पशु चिकित्सक को भी आंगनवाड़ी केंद्र कर्मचारियों ने अवगत भी करा दिया था लेकिन गौ माता के उपचार के लिए कोई भी चिकित्सा टीम वहां पर नहीं पहुंची आखिरकार महामारी से ग्रस्त गौ माता ने तड़प तड़प कर अपने प्राण त्याग दिए तिजारा कस्बे के जागरूक लोगों का कहना है कि गौ माताओं में फैल रही महामारी की रोकथाम नहीं की गई तो यह रोग और भी विकराल रूप धारण कर सकता है इस माह के तिजारा कस्बे के लोगों ने स्थानीय विधायक संदीप यादव से भी अपील की है कि गौ माताओं में फैल रही बीमारी के इलाज के लिए शीघ्र दवा उपलब्ध कराई जाए जिससे गौ माताओं को बचाया जा सके।

## कुलदेवी आध्य महालक्ष्मी जन जागृति रथ यात्रा का कुशलगढ़ में जोशीला स्वागत

**कुशलगढ़।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में अग्रोहा धाम से देशभर के लिए रवाना हुई 18 कुलदेवी आध्य महालक्ष्मी जन जागृति रथ यात्रा में एक रथ बांसवाड़ा से होते हुए गुरुवार प्रातः 11 बजे को कुशलगढ़ पहुंचने पर जोशीला स्वागत किया गया। एसडीएम कार्यालय के सामने रथ का स्वागत करने के बाद रथयात्रा को शहर में शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। शहर के मार्गो में श्रद्धालुओं ने रथयात्रा पर फूलों की वर्षा की जाती रही। शहर में रथयात्रा की उद्योगपति मुकेश अग्रवाल ने आगवानी की। समाज को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से निकाली यात्रा।अग्रोहा धाम से चली रथयात्रा के पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से ये रथयात्रा निकाली जा रही है। देश के हर हिस्से में यात्रा पहुंचेगी। यात्रा को गीता के 18 अध्यायों के आधार पर 18 रथयात्राएं तैयार की गई हैं। अग्रवाल समाज की कुलदेवी आध्य महालक्ष्मी जी के रथ को भी गीता स्वरूप में तैयार किया गया है। भव्य एवं दिव्य रथ सनातन संस्कृति को समेटे हर किसी के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुआ था। रथयात्रा निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे पहुंचा तो पहले से रथयात्रा का इंतजार कर



रहे।सर्व समाज के लोगों ने जोशीले अंदाज में रथ का स्वागत किया। मुकेश अग्रवाल के यहां पर महाआरती के बाद रथयात्रा डूंगरा के लिए प्रस्थान किया । जगह-जगह पुष्पवर्षा की। इस दौरान प्रदेश संरक्षक अग्रवाल समाज के के गुप्ता महामंत्री अमित नागौरी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिल अग्रवाल पंकज जी जगदीश जी दीपचंद जी भगवान जी गोपाल जी सुभाष जी दशरथ लाल अग्रवाल मुकेश अग्रवाल दिनेश अग्रवाल महेश अग्रवाल उमेश अग्रवाल अशोक अग्रवाल विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष तिलोत्तमा पंडया, विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ सदस्य हेमलता पंड्या पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश कावड़िया विप्र फाउंडेशन संरक्षक एडवोकेट एडवोकेट हरेंद्र पाठक रोटरी क्लब अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र कंसारा चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रतीक मेहता पार्षद राहुल सोनी महावीर कोठारी दिलीप टेलर प्रवीण त्रिवेदी आशा अग्रवाल सुनीता अग्रवाल शीतल अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा पार्षद राहुल सोनी नरेश गादीया कुशलगढ़ पंचायत समिति प्रधान कानहींग रावत मनीष निमा ईश्वर लाल गुप्ता अंकित अग्रवाल डॉ अरुण गुप्ता अंबिका पाठक आदि उपस्थित थे

## स्नातक वैदिक संस्कार ट्रस्ट के द्वारा गायों में मिली लंपी बीमारी पर आयुर्वेदिक दवाई और आयुर्वेदिक स्प्रे का निशुल्क वितरण

**मरूधर विशेष/सतीश जागा**

जयपुर के सनातन वैदिक संस्कार ट्रस्ट पिछले 6 दिन से लगातार सुबह और शाम गायों में फैली इस लंपी बीमारी के आयुर्वेदिक उपचार को बनाकर जयपुर के मानसरोवर, वैशाली नगर, विद्याधर नगर, दादी का फाटक, चारदीवारी सिटी में आसपास के लोगों के सहयोग से गायों को खिला रहे है। इसमे सर्वप्रथम हम लोगों को जो परेशानी का सामना करना पड़ा वह गायों को यह आयुर्वेदिक दवाई जब दी गई तो एक बार तो खाने के बाद में दूसरी बार जब उन्हें दी गई तो वह नहीं खाती है क्योंकि खुशबू की वजह से और कुछ कड़ेपन की वजह से तो हमने इसमें एक नया स्वाद डाला फिर इसको गौ माताओं को खिलाया क्योंकि यह 6 दिन तक सुबह शाम 50-50 ग्राम की मात्रा में देनी पड़ती है। आसपास की जो सामाजिक संस्थाएं हैं उन सामाजिक संस्थाओं ने भी हमसे यह निशुल्क ले जा कर के और गायों को खिलाया और हम लोग और हमारी टीम भी आसपास के स्थानों में हम शाम के टाइम और सुबह के टाइम इन गायों को यह आयुर्वेदिक लड्डू और स्प्रे करके हम आते हैं । इसमें हमें आसपास के लोगों का सहयोग भी मिलता है ।क्योंकि वह खुद भी हमारे साथ इस



पुण्य कार्य में सहयोग करते हैं । इन्हीं कॉलोनी वासी और आसपास के लोगों की वजह से हम यह कार्य कर पा रहे हैं और कॉलोनी में जो घूमने वाली गाय हैं, आसपास की गोशालाय हैं उनको हम लोग यह टाइम पर यह दे पा रहे ।हमारे साथ कुछ सामाजिक संस्थाएं भी हैं जो हमें आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। क्योंकि यह जो दवाइयां है यह जिन जिन चीजों से यह दवाइयां और स्प्रे बन रहा है वह बहुत ही ज्यादा कीमत आती है , तो इन सामाजिक संस्थाएं जो हमें आर्थिक रुप से सहयोग कर रही है तुमको हम यह दवाइयां निशुल्क उपलब्ध करवा रहे हैं और बाकी जो आस-पड़ोस है गौशाला में हैं वह अपनी गायों के लिए और आसपास की गायों के लिए जो आयुर्वेदिक दवाइयां हम से लेकर जा रहे हैं वह निशुल्क आप भी हम से निशुल्क दवाइयां ले सकते हैं अपनी गायों को देने के लिए

### प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी श्री सेवा निकुंज आयुर्वेद आयुर्वैदिक फार्मेसी के केशव अरोड़ा ने बताया

जिन्होंने इस दवाई को इजाद किया है इस दवाई को रोजाना सुबह और शाम तैयार किया जाता है जिसमें केशव अरोड़ा, राघव गर्ग ,डॉक्टर आयुषी शर्मा, नीलम अग्रवाल , अजय राजौरा, सनी भाट ,रोहन व एडवोकेट विक्रम सिंह शेखावत ओर लोकेश के साथ अन्य टीम के साथ आसपास के लोगों का भी सहयोग रहता है वितरण में कई सामाजिक संस्थाओं आस पास के कॉलोनी वासी हमारा इसमें सहयोग करते हैं।

## नो चाइना नो ओन लाइन अभियान में व्यापार मंडल ने दिखाई एकता निकाली रैली

### ऑनलाइन खरीदारी , चाइना माल का बहिष्कार, व्यापारियों ने लिया प्रण




**मरूधर विशेष/नितेश शर्मा जयपुर**

जयपुर व्यापार मंडल द्वारा चलाए जा रहे नो चाइना नो ओन लाइन महा अभियान की सहभागिता में जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ ललित सिंह सांचौरा उपाध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत , वैशाली नगर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह पचलंगी की अगुवाई में जयपुर के कालवाड रोड बजरंग गेट से मैन चौराहे तक पैदल रैली निकाली गई और व्यापारियों को अभियान के बारे में जागरूक किया गया ।

उम्मेद सिंह शेखावत अध्यक्ष बजरंग द्वार व्यापार मंडल ने बताया कि रैली के पश्चात अतिथियों को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । नो चाइना गुड्स नो ओन लाइन गुड्स अभियान के बारे में डॉ ललित सिंह सांचौरा , उम्मेद सिंह शेखावत एवं डॉ रवि शेखावत द्वारा संबोधित किया गया । इस दौरान व्यापारियों ने ऑनलाइन कामर्स कंपनियों के सामूहिक बहिष्कार करने के साथ आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए अभियान चलाने पर सहमति और एकजुटता दिखाई। उनका कहना था कि यह कंपनियां मुनाफे का अधिकांश हिस्सा खुद रखती है या विदेशों को भेज देती है। सस्ते माल के चलते चाइना का माल खरीद कर देश के व्यापार केओ नुकसान हो रहा है ओर उनकी कोई गारंटी भी नहीं साथ जान माल का नुकसान भी उनके उत्पाद से कई बार हो रहा है 7 जिनका लाभ न आमजन को मिलता है, न ही देश को। जबकि स्थानीय व्यापारी से खरीदे समान का लाभ स्थानीय रोजगार तो देता ही है, बाजार की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। ऐसे में देश के लिए ऑनलाइन कंपनियों का बहिष्कार जरूरी है। जिससे देश का विकास होगा और रोजगार का सृजन होगा

इस अवसर पर उम्मेद सिंह शेखावत डॉ रवि शेखावत , जगदीश प्रजापत बनवारी लाल सोनी सांवरमल दाधीच प्रवीण सिंह नाथावत शिवसिंह भुरटिया , जितेन्द्र सिंह सांगलिया ताराचंद शर्मा, सतीश खंडेलवाल बबलू सोनी मोनू सोनी महिपाल सिंह जितेन्द्र सोनी देवेन्द्र सिंह राजावत सत्येन्द्र नाटाणी हेम सिंह शेखावत आशीष गुप्ता नानू सोनी चन्दन सिंह शेखावत प्रदीप सैन सुरेश प्रजापत रोहित वर्मा त्रिलोक प्रजापत गुप्ता बजरंग सिंह शेखावत सुरेन्द्र सिंह ,, कैलाश सोनी दामोदर शर्मा आदि व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे । लगभग 280 व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने अपने हस्ताक्षर किए और इस अभियान का समर्थन किया । अंत में बजरंग द्वार व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री उम्मेद सिंह शेखावत ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं उपस्थित व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया ।

## एनएसयूआई एसटी एससी छात्र संघ बांसवाड़ा द्वारा कुलपति को दिया गया ज्ञापन



**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** एनएसयूआई एसटी एससी छात्र संघ बांसवाड़ा द्वारा कुलपति को दिया गया ज्ञापन मे छात्र संगठन ने ये मांग रखी की 25 सितम्बर को विश्वविद्यालय द्वारा बी.एससी बीएड बी. ए.बीएड के विधार्थीयों की आयोजित परीक्षा को रद्द किया जाये क्यों की 25 सितम्बर को पीटीआई की परीक्षा है जिसमे काफ़ी विद्यार्थियों के पेपर है कुलपति ने इस मांग को स्वीकार किया और छात्र हित मे फैसले का आस्वासन दिया और कहा आज या कल तक छात्र हित मे निर्णय लिया जायगा एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने परीक्षा परिणामो मे आरी छात्रों की परेशानी के सवाल किये डूंगरपुर प्रतापगढ़ के विधार्थी जो परेशान होते है उनके बारे मे बताने पर कुलपति ने कहा डूंगरपुर और प्रतापगढ़ के विधार्थीयों की जो भी परेशानी है उनके जिले मे ही सुधार हेतु कोई महाविद्यालय को इसका केंद्र बनाया जायगा जिससे डूंगरपुर प्रतापगढ़ के छात्रों की समस्या उनके जिलों मे हल हो जायगी जिलाध्यक्ष ने कहा विश्वविद्यालय मे केंटीन पार्किंग गार्डन लाइब्रेरी की छात्रों को सुविधा दी जाये साथ ही बी.एससी बी.एड B.A बीएड के छात्रों को स्कील डेवलोपमेन्ट के नए कोर्स शुरू किये जाये प्रथम वर्ष का परिणाम जल्द धोषित किया जाये आदि बातो से कुलपति महोदय को अवगत करवाया सभी बातो का समाधान शीघ्र करने का कुलपति मोहदय ने आस्वासन दिया ज्ञापन देने वालों मे ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजवीर रेबारी छात्र नेता राहुल कटारा, लक्की बरगोट, भावेश कटारा, अंकित निनामा, अमन डिंडोर , सुभाष रावत , राजेश पारगी आदि छात्र नेता उपस्थित रहे।

## दी बाबा ग्राम सेवा सहकारी समिति के छः वार्ड के विजयी प्रत्याशियों में अग्रणी से जितेंद्र चौधरी जीते



**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** दी बाबा ग्राम सेवा सहकारी समिति कठूमर संचालक मण्डल के सदस्य के छः वार्डो में गुरूवार को मतगणना हुई । वही छः वार्डो में निर्विरोध सदस्य चुने जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सोनी ने बताया कि संचालक मंडल सदस्य के लिए 6 वार्डो की मतगणना हुई। जिसमें वार्ड नंबर 1 से रतीराम , वार्ड नंबर 3 से पूरणमल ,वार्ड नंबर 5 से कैलाश चंद, वार्ड नंबर 6 से जगबीर सिंह, वार्ड नंबर 11 से देशराज सिंह तथा अग्रणी वार्ड नंबर 12 से जितेंद्र कुमार विजयी रहे। इधर वार्ड नंबर 1 में कुल 28 वोट पड़े जिनमें से दोनों प्रत्याशी रतनी राम और भगवान सिंह को 14-14 बराबर मत मिलने से मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दोनों की सहमति से उनके नाम की गोली डाली जिसमें रतनी राम विजयी रहे। समिति के व्यवस्थापक राजेंद्र शर्मा ने बताया कि 16 सितम्बर को चुने गये 12 वार्डो के सदस्य अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगें।

## एसीबी की टीम पहुंची कामां,नगर पालिका में खंगाला रिकार्ड


### पालिकाध्यक्ष के पति व ईओ की तलाश जारी



**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां.एसीबी धौलपुर के सीओ सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को पांच सदस्यीय टीम नगर पालिका कार्यालय पहुंची। जहां एसीबी की टीम द्वारा नगर पालिका की निर्माण शाखा से एमबी तथा ठेकेदार द्वारा किए कार्य के रिकार्ड को अपने कब्जे में लिया। तथा इसके बाद टीम ने नगर पालिकाध्यक्ष गीता खण्डेलवाल के नए व पुराने आवास व उनकी ट्रांसपोर्ट कम्पनी पर पालिकाध्यक्ष के पति भगवानदास के बारे में पूछताछ की। एसीबी धौलपुर के सीओ ने बताया कि पाालिकाध्यक्ष भगवानदास व नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल पिछले दो माह से भूमिगत है। जिनकी तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि एसीबी टीम जयपुर द्वारा गत 13 जुलाई को कामां नगर पालिका अध्यक्ष गीता खण्डेलवाल के पति भगवान दास के द्वारा करन कंट्रैक्शन कम्पनी के ठेकेदार के निर्माण कार्य के बिलों को पास करने के एवज में 1.32लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गीता खण्डेलवाल के कार चालक को गिरफ्तार स्कूटी की डिग्गी से नगदी बरामद की थी। चालक हरिया उर्फ हरिसिंह को न्यायालय से जमानत छोड़ दिया। लेकिन पालिका अध्यक्ष के पति भगवान दास व नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल छापामार कार्रवाई के बाद से फरार चल रहे है।

## किराना की दुकान व एक मकान में चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद



**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

**कामां-** कामां कस्बे के अंबेडकर सर्किल स्थित एक किराना की दुकान का शटर तोड़कर चोर दुकान में रखी नगदी का गल्ला चुरा ले गए तो वहीं दूसरी ओर कस्बे की इंदिरा कॉलोनी स्थित एक रिहायशी मकान के अंदर प्रवेश कर नकदी व मोबाइल चोरी कर ले गए। अंबेडकर स्थित पीड़ित दुकानदार इस्माइल खान ने बताया कि देर शाम को वह दुकान लगाकर घर चला गया था सुबह लोगों से पता चला कि की दुकान की शटर टूटी हुई आकर देखा तो दुकान के अंदर का नकदी का गल्ला व अन्य सामान भी गायब है दुकान से गायब गल्ले की जब तलाश की तो दुकान से थोड़ी दी ही दूर पर खाली गल्ला हुआ पड़ा हुआ मिला चोर गल्ले में रखी नकदी निकाल कर ले गए थे7 वहीं दूसरी ओर कस्बे की इंदिरा कॉलोनी स्थित आजाद शाह के मकान में भी चोर देर रात्रि को प्रवेश कर गए और मकान की तलाशी लेकर कमरे के अंदर रखे ?15हजार की नगदी व एक नया एंड्राइड मोबाइल चोरी कर फरार हो गए।

आजाद के मकान में हुई चोरी की घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमे चोर मकान में प्रवेश करते हुए व चोरी करने के बाद बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं इतना ही नहीं चोर मकान के बाहर ही चोरी दी गई नगदी को मिलते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

## तिजारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर होने वाले सेवा पकवाड़ा को लेकर बैठक संपन्न हुई



**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर होने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा कार्यालय तिजारा पर मंडल अध्यक्ष बने सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में संयोजक श्रीमती शीला चौधरी सह संयोजक हर्ष यादव ने आगामी कार्यक्रम 17 सितंबर को भिवाड़ी में होने वाले रक्तदान शिविर ,18 सितंबर को चिकित्सा शिविर शाहाबाद में 26 सितंबर को भिवाड़ी में एक भारत श्रेष्ठ भारत विविधता में एकता कार्यक्रम भिवाड़ी में करने हेतु बैठक ली गई। जिसमे मंडल अध्यक्ष विनय यादव ,कुलदीप यादव,ओमवीर चौहान,पवन सिंह चौहान,मंडल महामंत्री कपिल गुप्ता,कंचन तिवाड़ी,नेहा गोयल,दिलीप यादव,रणवीर पोशवाल,रामपाल,अनिल बांसीवाल,संदीप चौहान,सलोना यादव ,शिब्बू यादव,जसवंत सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बड़ोदिया क्रिकेट, छींच कबडडी व बागीदौरा का शूटिंग बाल कब्जा

### विजेताओं को दिए पारितोषिक

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बागीदौरा.** ब्लॉक स्तरीय ओलम्पिक के फाइनल मुकाबले रोमांचक और सराहनीय रहे। गुरूवार को बागीदौरा के खेल स्टेडियम में हुए मैच में टेनिसबाल क्रिकेट में बड़ोदिया ने बोडीगामा, कबडडी में छींच ने बारीगामा, शूटिंग बाल में बागीदौरा ने वडलीपाड़ा, वॉलीबाल में चोखला ने करजी, हॉकी में उम्मेदगढ़ी ने वडलीपाड़ा को हराकर विजेता का खिताब जीता। फाइनल मैच के बाद आयोजित समापन समारोह में सभी विजेता व उप विजेताओं को पारितोषिक व प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। मुख्य अतिथि प्रधान सुभाष खराड़ी, अध्यक्ष उपखण्ड अधिकारी सी एल शर्मा, विशिष्ट अतिथि सीबीईओ गोपालकृष्ण जोशी, विकास अधिकारी भरत कुमार, सरपंच रुक्मणि आर्य रही। स्वागत उद्बोधन पीईईओ मनोज जोशी ने दिया। इस मौके पर विभिन्न पंचायतों के सरपंचों में बोडीगामा के खुशपाल, हमीरपुरा के राकेश रावत, चोखला प्रधानाचार्य आनंदी कटारा, रमणलाल, लाडजी डामोर रहे। प्रतियोगिता आयोजन में सराहनीय सहयोग देनेवाले जनरल रेफरी विनोद पानेरी, विकेश पाटीदार, अविनाश चौबीसा, कपिल जोशी, राजेन्द्र पाटीदार, प्रभुलाल कतीजा, धुलिया हुवोर, गणेश पाटीदार, पवन पाटीदार, प्रभुलाल नट, विनोद जैन, मणि चरपोटा का बहुमान किया गया। संचालन दीपेश जैन ने किया। आभार बालिका उमावि बागीदौरा के विनोद निनामा ने व्यक्त किया।

